दिनांक–04.10.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृष्णोन्नति योजना को दी मंजूरी।
- दमोह जिले के सिंग्रामपुर में कल राज्य मंत्रिमंडल की होगी बैठक।
- शारदीय नवरात्र का आज दूसरा दिन, प्रदेश के देवी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना जारी।
- महिला टी20 क्रिकेट विश्वकप में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से।

मंत्रिमंडल–फैसले

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये के कुल प्रस्तावित व्यय के साथ टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को स्वीकृति दी। मंत्रिमंडल ने खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए कृष्णोन्नति योजना को भी मंजूरी दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल के फैसले किसानों की आय बढ़ाने और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित हैं। सरकार ने 10 हजार 103 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वर्ष 2024–25 से 2030–31 के लिए राष्ट्रीय खाद्य तेल–तिलहन मिशन को भी स्वीकृति दी है। यह निर्णय अगले सात वर्षों में भारत को तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। मंत्रिमंडल ने मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने 'लेटर ऑफ इंटेंट' पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है, जिससे भारत 'ऊर्जा दक्षता हब' में शामिल हो सकेगा। मंत्रिमंडल ने 11 लाख 72 हजार से अधिक रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के उत्पादकता से जुड़े बोनस को भी स्वीकृति दे दी है। साथ ही प्रमुख बंदरगाह प्राधिकरणों और गोदी श्रमिक बोर्ड के लगभग 20 हजार 704 कर्मचारियों के लिए, सरकार ने वर्ष 2020–21 से 2025–26 तक संशोधित उत्पादकता से जुड़ी पुरस्कार योजना को भी मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण को भी मंजूरी दे दी।

कैबिनेट बैठक–सिंग्रामपुर, दमोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की अध्यक्षता में राजधानी भोपाल के बाहर दमोह जिले के सिंग्रामपुर में 5 अक्टूबर को होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दमोह जिले के सिंग्रामपुर गाँव के नजदीक सिंगौरगढ़ का किला है। यह क्षेत्र रानी दुर्गावती की राजधानी के रूप में इतिहास में दर्ज है। वीरांगना दुर्गावती के 500वें जन्मशती वर्ष के अवसर पर सिंग्रामपुर में कैबिनेट की बैठक करने का निर्णय लिया गया है। ग्राम सिंग्रामपुर में लाड़ली बहना सम्मेलन भी होगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की लाड़ली बहना योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राही बहनों के खाते में राशि का अंतरण करेंगे। इससे पहले कल पंचायत एवं ग्रमीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने सिंग्रामपुर में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

प्रधानमंत्री–आर्थिक सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का तीसरा संस्करण 6 अक्तूबर तक चलेगा। इस वर्ष का सम्मेलन हरित परिवर्तन के वित्तपोषण, भू–आर्थिक विखंडन और विकास जैसे विषयों पर केंद्रित होगा। भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय विद्वान और नीति निर्माता भारतीय अर्थव्यवस्था और ग्लोबल साउथ की अर्थव्यवस्थाओं की महत्वपूर्ण चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन में दुनिया भर के वक्ता भाग लेंगे। सम्मेलन का आयोजन वित्त मंत्रालय के साथ आर्थिक विकास संस्थान कर रहा है।

नवरात्र

आज शारदीय नवरात्र का दूसरा दिन है। सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन पूजन करने वाले भक्त बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इसके पहले कल राज्यपाल मंगुभाई पटेल राजभवन में नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित गरबा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने गरबा महोत्सव का शुभारंभ माँ अम्बे की आरती से किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सभी को नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। प्रदेश के आगरमालवा, देवास, मैहर, दतिया और अन्य जिलों में स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिरों में आज विशेष पूजा अर्चना का दौर जारी है। हमारी जबलपुर संवाददाता ने बताया कि जिले में नवरात्र के पर्व का उत्साह चरम पर है।

रतलाम–हादसा

प्रदेश के रतलाम रेल मंडल अंतर्गत रतलाम– नागदा रेल मार्ग पर कल रात डीजल से भरे एक मालगाड़ी के दो टैंकर बेपटरी हो गए। इसमें एक टैंकर आधा पलट गया है। हादसे की सूचना मिलते ही दुर्घटना रिलीफ ट्रेन मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। डीजल से भरी मालगाड़ी बड़ौदा की ओर से बकनिया भौरी स्टेशन जा रही थी। रात करीब साढ़े 10 बजे मालगाड़ी रतलाम रेलवे स्टेशन से एक किमी दूर यह हादसा हो गया। डीआरएम रजनीश कुमार ने कहा, कि ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतरे हैं। उन्होंने कहा कि हादसे के सारे सबूत इकट्ठा किए जा रहे हैं, फिलहाल कोई ट्रेनें रद्द नहीं की जा रही है।

मुख्यसचिव–बैठक

नवागत मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पदभार ग्रहण करने के साथ कल मंत्रालय में विकसित मध्यप्रदेश के रोडमैप को लेकर पहली बैठक की। मुख्य सचिव श्री जैन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य की आय बढ़ाने के लिए अन्य साधन एवं स्त्रोत भी तलाशें। श्री जैन ने अधिकारियों को अद्यतन तकनीकी एवं अपने सेक्टर में हो रहे नवाचारों से निरंतर अवगत रहने की जरूरत बतायी। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से प्रदेश में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

खरीफ फसल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरीफ 2024 में केन्द्र सरकार के माध्यम से प्रदेश में यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरक दिलवाने के फलस्वरूप किसानों को समय पर उर्वरक प्रदाय हो जाने के लिए प्रदेश के किसानों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिखकर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्टूबर में मांग अनुसार डीएपी 3.75 लाख मीट्रिक टन, एनपीके 2 लाख मीट्रिक टन एवं यूरिया 6 लाख मीट्रिक टन का आवंटन प्रदेश को प्राप्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सितम्बर माह के अंत तक वर्षा होने से गेहूँ का क्षेत्रफल लगभग 15 लाख हेक्टेयर बढ़ने की संभावना है, जिसके कारण डीएपी, एनपीके एवं यूरिया उर्वरकों की अधिक आवश्यकता होगी।

क्रिकेट–महिला टी20 विश्व कप

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम शाम को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बीच, दोपहर को होने वाले मैच में वेस्टइंडीज का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। आकाशवाणी एफएम रेनबो चैनल पर शाम सात बजे से कमेंट्री हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रसारित होगा।

कल शारजाह में खेले गए टूर्नामेंट के दूसरे मैच में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 31 रनों से हरा दिया। 117 रनों के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 85 रन ही बना सकी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर संभाग के समस्त जिलों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरो में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले चिकित्सकों, निजी चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान समारोह आज एमजीएम मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया जाएगा।
- नगरीय विकास एवं आवास विभाग राज्यमंत्री मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कल डिंडौरी में शासन की योजनाओं और विभागीय कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक ली।
- नर्मदापुरम जिले में शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत कल आंगनबाड़ी केंन्द्रों में कन्या पूजन और महिला सुरक्षा पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- धार में आज कमांडर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी जिले में निवासरत् सभी पूर्व सैनिक, वीरनारियों, विधवाओं एवं आश्रितों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे।
- कटनी जिले में नशीले पदार्थो के सेवन से मुक्ति हेतु नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत युवावर्ग को नशे से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है।
- पन्ना में शक्ति अभिनंदन अभियान तहत जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां हो रही है । इसी कड़ी में महिला सुरक्षा के मुद्दें पर केन्द्रित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

--------------------------------

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) कैबिनेट बैठक-सिंग्रामपुर, दमोह

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की अध्यक्षता में राजधानी भोपाल के बाहर दमोह जिले के सिंग्रामपुर में 5 अक्टूबर को होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दमोह जिले के सिंग्रामपुर गाँव के नजदीक सिंगौरगढ़ का किला है। यह क्षेत्र रानी दुर्गावती की राजधानी के रूप में इतिहास में दर्ज है। वीरांगना दुर्गावती के 500वें जन्मशती वर्ष के अवसर पर सिंग्रामपुर में कैबिनेट की बैठक करने का निर्णय लिया गया है। ग्राम सिंग्रामपुर में लाड़ली बहना सम्मेलन भी होगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की लाड़ली बहना योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राही बहनों के खाते में राशि का अंतरण करेंगे। इससे पहले कल पंचायत एवं ग्ारमीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने सिंग्रामपुर में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।**

### (2) नवरात्र

**आज शारदीय नवरात्र का दूसरा दिन है। सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन पूजन करने वाले भक्त बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इसके पहले कल राज्यपाल मंगुभाई पटेल राजभवन में नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित गरबा महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने गरबा महोत्सव का शुभारंभ माँ अम्बे की आरती से किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सभी को नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। प्रदेश के आगरमालवा, देवास, मैहर, दतिया और अन्य जिलों में स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिरों में आज विशेष पूजा अर्चना का**

**दौर जारी है। हमारी जबलपुर संवाददाता ने बताया कि जिले में नवरात्र के पर्व का उत्साह चरम पर है।**

**(3) रतलाम-हादसा**

**प्रदेश के रतलाम रेल मंडल अंतर्गत रतलाम- नागदा रेल मार्ग पर कल रात डीजल से भरे एक मालगाड़ी के दो टैंकर बेपटरी हो गए। इसमें एक टैंकर आधा पलट गया है। हादसे की सूचना मिलते ही दुर्घटना रिलीफ ट्रेन मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। डीजल से भरी मालगाड़ी बड़ौदा की ओर से बकनिया भौरी स्टेशन जा रही थी। रात करीब साढ़े 10 बजे मालगाड़ी रतलाम रेलवे स्टेशन से एक किमी दूर यह हादसा हो गया। डीआरएम रजनीश कुमार ने कहा, कि ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतरे हैं। उन्होंने कहा कि हादसे के सारे सबूत इकट्ठा किए जा रहे हैं, फिलहाल कोई ट्रेनें रद्द नहीं की जा रही है।**

**(4) मुख्यसचिव-बैठक**

**नवागत मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पदभार ग्रहण करने के साथ कल मंत्रालय में विकसित मध्यप्रदेश के रोडमैप को लेकर पहली बैठक की। मुख्य सचिव श्री जैन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य की आय बढ़ाने के लिए अन्य साधन एवं स्त्रोत भी तलाशें। श्री जैन ने अधिकारियों को अद्यतन तकनीकी एवं अपने सेक्टर में हो रहे नवाचारों से निरंतर अवगत रहने की जरूरत बतायी। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से प्रदेश में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।**

**(5) खरीफ फसल**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरीफ 2024 में केन्द्र सरकार के माध्यम से प्रदेश में यूरिया, डीएपी एवं एनपीके उर्वरक दिलवाने के फलस्वरूप किसानों को समय पर उर्वरक प्रदाय हो जाने के लिए प्रदेश के किसानों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिखकर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्टूबर में मांग अनुसार डीएपी 3.75 लाख मीट्रिक टन, एनपीके 2 लाख मीट्रिक टन एवं यूरिया 6 लाख मीट्रिक टन का आवंटन प्रदेश को प्राप्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सितम्बर माह के**

**अंत तक वर्षा होने से गेहूँ का क्षेत्रफल लगभग 15 लाख हेक्टेयर बढ़ने की संभावना है, जिसके कारण डीएपी, एनपीके एवं यूरिया उर्वरकों की अधिक आवश्यकता होगी।**

**--------------------**